राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने लगवाई कोविड–19 टीके की पहली खुराक

जयपुर, 1 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को यहां राजभवन में कोविड–19 टीके की पहली खुराक लगवाई ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने टीका लगवाने के बाद अल्प समय में ही संपूर्ण मानकों एवं निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सफलतापूर्वक टीका विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया। उन्होंने अपील की है कि कोविड–19 वैक्सीन लगवाने के लिए चरणबद्ध रूप में निर्धारित पात्र व्यक्ति बगैर किसी संकोच तय समय पर टीके की दोनों खुराक लगवाएं। उन्होंने कहा कि टीके की पहली खुराक लगने के बाद भी असावधानी नहीं बरतें तथा दो गज दूरी, मास्क और सेनिटाइजेशन का पालन करें।

राज्यपाल श्री मिश्र को टीका एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सुधीर भंडारी की देख–रेख में लगाया गया।

———